51 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डांक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 13.2°c
अधिकतम 31.2°c

**आज की अमृतवाणी**

तुम पानी जैसे बनो, जो अपना रास्ता खुद बनाता है, पत्थर जैसे न बनो जो दूसरों का भी रास्ता रोक लेता है।

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

संस्थापक : उत्तम चंद्र शर्मा
मो. 94127-10840
सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606
रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

विपक्ष के नेताओं को बदनाम करने का प्रयास कर रही है भाजपा : अखिलेश यादव



सूर्योदय : 6:30, सूर्यास्त : 6:26 | वर्ष : 51/ अंक : 71 | मंगलवार, 14 मार्च 2023 | चैत्र, कृष्ण पक्ष, सप्तमी | सम्वत् 2079 | मूल्य 3 रु. | पृष्ठ-4

और नेता बदनाम हो भी रहे हैं....

## आय से अधिक संपत्ति मामले में अखिलेश यादव को राहत

**लखनऊ, 13 मार्च (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के दिवंगत पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह, पूर्व सीएम अखिलेश यादव और उनके भाई प्रतीक यादव को आय से अधिक संपत्ति मामले में सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। सोमवार को इन आरोपों की प्रारंभिक जांच बंद करने की सीबीआई रिपोर्ट की कॉपी मांगने वाली याचिका खारिज कर दी। इतना ही नहीं, शीर्ष अदालत ने सीबीआई की 2013 की क्लोजर रिपोर्ट को मंजूरी भी दे दी। सीबीआई द्वारा मामले को बंद करने को लेकर कांग्रेस के नेता विश्वनाथ चतुर्वेदी ने याचिका दाखिल की थी।

## 'नाटू-नाटू' ने इन गानों को पछाड़ जीता ऑस्कर

**मुंबई, 13 मार्च (एजेंसी)।** ऑस्कर 2023 के विजेताओं की पूरी लिस्ट सामने आ गई है। हॉलीवुड के सबसे बड़े अवॉर्ड शो में भारत ने अपना परचम लहराया है। साउथ की फिल्म आरआरआर के गाने नाटू-नाटू ने इतिहास रचते हुए ये सम्मान अपने नाम कर लिया है। एम एम कीरावनी ने इस पुरस्कार को हासिल करते हुए अपने भाषण से हर किसी का दिल जीत लिया है। इतना ही नहीं नाटू-नाटू ने इस जीत से मशहूर सिंगर्स रिहाना और लेडी गागा के गानों को पीछे छोड़ दिया है। नाटू-नाटू ने किन गानों को पीछे छोड़ यह सफलता हासिल की है। नाटू-नाटू ने ऑस्कर 2023 का 'बेस्ट ओरिजनल सॉन्ग' का खिताब अपने नाम किया है। इसके साथ ही इसने टेल इट लाइक ए वूमेन के अपलॉज, टॉप गन: मैवरिक के होल्ड माई हैंड, ब्लैक पैंथर: वकांडा फॉरएवर के लिफ्ट माई अप और एवरीथिंग एवरीवेयर ऑल एट वंस के दिस इज ए लाइफ गानों को पीछे छोड़ दिया है। इस तरह इंटरनेशनल लेवल पर ये भारत की सबसे बड़ी जीत बन गई है।

## कोरोना फिर शुरू,1 दिन में कोरोना के नए 500 केस


**नई दिल्ली, 13 मार्च (एजेंसी)।** भारत ने शनिवार को कोरोना के 524 नए मामले दर्ज किए, जो पिछले साल 18 नवंबर के बाद से एक दिन में सबसे अधिक है। पिछले सात दिनों में, 2,671 नए मामले दर्ज किए गए हैं, जो कि उसके पिछले सात दिनों के कुल 1,802 से लगभग 50% अधिक है।

## कांग्रेस नेता पुलिस से भिड़े

**लखनऊ, 13 मार्च (एजेंसी)।** यूपी कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल खाबरी के नेतृत्व में कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकर्ता महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दे पर राजभवन का घेराव करने जा रहे थे। इस दौरान हजरतगंज और राजभवन के नजदीक उनकी पुलिस से भिड़ंत हो गई। कांग्रेसी कार्यकर्ता भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे। पुलिस ने उन्हें नियंत्रण में लेने के लिए हिरासत में ले लिया और उन सभी को अस्थाई जेल में ईको गार्डेन ले जाया गया है।

# रिटायर्ड पुलिसकर्मी गिरफ्तार, कोर्ट में पेश

- रामपुर तिराहा कांड में सीबीआई द्वारा पेश आरोपी को जेल भेजा
- एक फरार आरोपी के फास्ट ट्रैक कोर्ट ने कुर्की वारंट जारी किए




**मुजफ्फरनगर, 13 मार्च (बु.)।** 29 साल पुराने चर्चित रामपुर तिराहा कांड की फाइल फिर से खुलने और फास्ट ट्रैक कोर्ट में इसकी सुनवाई शुरू होने के बाद सामूहिक दुष्कर्म, छेड़छाड़ और लूट समेत अन्य गंभीर धाराओं के मुकदमे में फरार चल रहे एक सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी को सीबीआई ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। सीबीआई ने अदालत को बताया कि केस के आरोपी चार पुलिसकर्मियों की मौत हो चुकी है। इस मामले में एक अन्य गैरहाजिर आरोपी नेत्रपाल सिंह के कुर्की वारंट जारी कर दिए गए। अब प्रकरण की अगली सुनवाई 24 मार्च को होगी।

रामपुर तिराहा कांड से संबंधित मामलों पर अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या-सात के पीठासीन अधिकारी शक्ति सिंह की अदालत में सीबीआई बनाम राधा मोहन द्विवेदी पत्रावली की सुनवाई हुई। सहायक शासकीय अधिवक्ता फौजदारी परवेंद्र सिंह ने बताया कि सीबीआई ने गैर जमानती वारंट जारी होने के बाद आरोपी सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी राकेश मिश्रा को तीन दिन पहले हरियाणा से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। सोमवार को राकेश मिश्रा को जिला कारागार से अदालत में पेश किया गया। सीबीआई के लोक अभियोजक धारा सिंह मीणा ने अदालत को बताया कि आरोपी झम्मन सिंह, राजपाल सिंह, महेश चंद शर्मा, नेपाल सिंह की मौत हो चुकी है। मृतक बताए गए आरोपियों के विषय में आख्या देने वाले पुलिस अधिकारी को बयान के लिए 24 मार्च को उपस्थित रहने के आदेश दिए गए हैं। अदालत से गैरहाजिर चल रहे आरोपी नेत्रपाल सिंह के कुर्की वारंट जारी कर दिए गए हैं। ज्ञात रहे कि पृथक उत्तराखंड की मांग को लेकर 1 अक्टूबर 1994 को सैकड़ों की संख्या में लोग गाड़ियों और बसों से देहरादून से दिल्ली की ओर जा रहे थे। लखनऊ से मिले सरकारी आदेश के बाद उन्हें मुजफ्फरनगर में छपार थाना क्षेत्र के रामपुर तिराहा पहुंचने पर बैरिकेडिंग लगाकर रोक लिया गया था। 1 अक्टूबर 1994 को रात के समय आंदोलनकारियों पर लाठीचार्ज किया गया था। आरोप है कि पुलिस ने उत्तराखंड गठन की मांग कर रहे लोगों पर फायरिंग की। इसमें 7 लोगों की जान चली गई थी। महिलाओं से रेप करने का भी पुलिस पर आरोप लगा था। इस मामले को लेकर उत्तराखंड गठन समिति ने आंदोलन छेड़ दिया था। हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के आदेश पर सुनवाई कर रहे है एडीजे-7 शक्ति सिंह ने रेप, मारपीट, तोड़फोड़ और आपराधिक साजिश रचने के 24 आरोपियों के विरुद्ध गैर जमानती वारंट जारी किए थे। जिनमें 18 आरोपियों ने 3 मार्च को कोर्ट में पेश होकर वारंट रिकॉल करा लिए थे। इनमें एक को गिरफ्तार कर लिया गया जबकि एक अन्य आरोपी के कुर्की वारंट जारी किए गए हैं।

## अपहरण और दुष्कर्म के दोषी को उम्रकैद की सजा

**मुजफ्फरनगर, 13 मार्च (बु.)।** अदालत ने नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म के दोषी को उम्रकैद की सजा सुनाई है। कोर्ट ने दोषी पर 51 हजार का जुर्माना भी लगाया है। किशोरी के पिता ने मुकदमा दर्ज कराया था। विशेष लोक अभियोजक दिनेश कुमार शर्मा और मनमोहन वर्मा ने बताया कि शामली निवासी 15 वर्षीय किशोरी अपनी मां को ढूंढने के लिए घर से निकली थी। उन्होंने बताया कि 2 सितंबर 2017 को 3 युवकों ने किशोरी का अपहरण कर लिया था। 4 दिन बाद किशोरी बरामद हुई थी। इसके बाद उसके पिता ने जनपद शामली के कस्बा झिंझाना निवासी बिलाल और दो अन्य युवकों के खिलाफ किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया था। बताया कि पीड़िता जब अपनी मां को ढूंढने के लिए गई थी तो आरोपी बिलाल ने उसको बेहोश कर एक झोंपड़ी में ले जाकर उसके साथ रेप किया था। पुलिस ने इस मामले में आरोपी बिलाल को गिरफ्तार कर लिया था। विशेष लोक अभियोजक दिनेश कुमार शर्मा और मनमोहन वर्मा ने बताया कि अभियोजन ने घटना साबित करने के लिए कोर्ट में 8 गवाह पेश किए। घटना के मुकदमे की सुनवाई विशेष पोक्सो एक्ट कोर्ट के जज बाबूराम ने की। उन्होंने बताया कि दोनों पक्ष की सुनवाई करने के बाद कोर्ट ने आरोपी बिलाल को अपहरण कर रेप करने के मामले में दोषी ठहराते हुए उसे उम्रकैद की सजा सुनाई। उन्होंने बताया कि दोषी पर 51 हजार का जुर्माना भी लगाया गया।

## पंद्रह करोड़ खपाने को अभिनेता सतीश कौशिक की हत्या करने का आरोप



**नई दिल्ली, 13 मार्च (एजेंसी)।** अभिनेता और निर्देशक सतीश कौशिक की मौत के मामले में रोज नए नए खुलासे हो रहे हैं। खासतौर पर जब से सतीश के दोस्त विकास मालू की दूसरी पत्नी सान्वी मालू ने दिल्ली पुलिस आयुक्त को पत्र लिख, इस बात की शिकायत की है कि उनकी मौत सामान्य नहीं बल्कि एक हत्या है, जिसे मेरे पति ने किया है। सान्वी की लिखित शिकायत मिलने के बाद दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा ने जांच के आदेश दिए। रविवार को पुलिस की एक टीम विकास मालू के फार्महाउस भी गई, जहां करीब 20-22 लोगों से पूछताछ की गई और वहां लगे सीसीटीवी की डीवीआर को अपने कब्जे में ले लिया है। दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि सतीश कौशिक की मौत पर सवाल उठाने वाली महिला सान्वी मालू के बयान दर्ज करने के लिए उन्हें सोमवार को नोटिस भेजा गया है। हालांकि इस नोटिस के बाद सान्वी ने जांच में शामिल होने से इनकार कर दिया है। उनका कहना है कि जिस अधिकारी को यह केस सौंपा गया है वह भ्रष्ट है। यह अधिकारी उनके साथ हुए दुष्कर्म के केस में सबूत नष्ट कर चुका है और इस मामले में भी ऐसा ही करेगा। सान्वी ने दिल्ली पुलिस आयुक्त को जो पत्र लिखा है, उसमें उन्होंने एक जगह सतीश कौशिक और विकास के बीच 15 करोड़ रुपये के विवाद को लेकर जिक्र करते हुए बताया कि 23 अगस्त 2022 को सतीश कौशिक हमारे दुबई स्थित घर आए थे। इस दौरान उन्होंने विकास से अपने 15 करोड़ रुपए वापस मांगे। इस बात को लेकर दोनों के बीच बहश भी हुई थी। बाद में विकास ने सतीश से उस दौरान वादा किया वह उनके 15 करोड़ जल्द ही भारत आकर देगा। रात को जब हम बेडरूम में थे तो मैंने विकास से पूछा था ये सतीश कौशिक जी कौन से रुपये मांग रहे थे? इस पर विकास ने बताया, 'इसने 15 करोड़ रुपये दे रखे हैं, जो कोरोना काल में डूब गए। फिर जब मैंने पूछा कि अब क्या करोगे? तो विकास ने कहा किसी दिन रशियन गर्ल बुलाकर, ब्लू पिल्स की ओवर डोज दे देंगे, तो वैसे ही मर जाएगा। इसे कौन रुपये वापस कर रहा है। अपने ऊपर गंभीर आरोप लगाने के बाद विकास मालू ने चुप्पी तोड़ी है। विकास ने इंस्टाग्राम पर होली वाली वीडियो डालकर अपने ऊपर लगे आरोपों को बेबुनियाद बताया है। विकास मालू ने सफाई दी है कि उनके व सतीश के बीच 30 वर्षों से पारिवारिक संबंध रहे हैं और लोगों को मेरे नाम पर कीचड़ उछालने में कुछ ही मिनट लगे। मैं सतीश कौशिक को हर जश्न में मिस करूंगा। विकास ने कहा कि उन्हें बेचैनी महसूस हो रही थी।

## बरेली जिला जेल के दो अधिकारी समेत सात निलंबित, सिपाही समेत दो गिरफ्तार

**बरेली।** बरेली जिला जेल में बंद अशरफ से उसके गुर्गों की अवैध तरीके से मुलाकात कराने के मामले में अब जेल अधिकारियों पर गाज गिरी है। डीआईजी जेल की जांच रिपोर्ट के बाद डीजी जेल ने सोमवार को जेलर राजीव मिश्रा, डिप्टी जेलर दुर्गेश प्रताप सिंह और पांच बंदी रक्षकों को सस्पेंड कर दिया है। इस मामले में पीलीभीत जेल के सिपाही समेत दो की गिरफ्तारी भी हुई है। पीलीभीत का सिपाही एक महीने पहले तक बरेली जेल में तैनात रहा। इस कार्रवाई से जेल प्रशासन में खलबली मच गई है। प्रयागराज के उमेश पाल हत्याकांड में माफिया अतीक अहमद और उसका भाई अशरफ मुख्य आरोपी है। अशरफ बरेली जिला जेल में बंद है। अतीक अहमद गुजरात की साबरमती जेल में है।प्रयागराज पुलिस ने एनकाउंटर और गिरफ्तारियों के बाद ही खुलासा कर दिया था कि उमेश पाल की हत्या की योजना साबरमती जेल में बंद अतीक अहमद और बरेली जेल में बंद उसके भाई अशरफ ने बनाई थी। जांच में सामने आया है कि शूटरों ने 10 और 11 फरवरी को बरेली जेल में अशरफ से मुलाकात की थी। जेल में अशरफ से गुर्गों की अवैध तरीके से मुलाकात कराई जाती थी। सात मार्च को बरेली जिला जेल के सिपाही शिवहरि अवस्थी और जेल में सब्जी की सप्लाई करने वाले नन्हे उर्फ दयाराम को एसओजी और सर्विलांस की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया था। इसके बाद जेल में अशरफ से मुलाकात करने वाले दो गुर्गों की गिरफ्तारी हुई। सोमवार को एक और सिपाही मनोज गौड़ को गिरफ्तार कर लिया गया। दूसरा आरोपी बरेली का निवासी है। यह अशरफ के गुर्गे लल्ला गद्दी का साथी है। एसआईटी को जेल मुख्यालय से बरेली जिला जेल की सीसीटीवी फुटेज मिली। सीसीटीवी कैमरों में 24 फरवरी से पहले का डाटा नहीं है। एसआईटी ने फुटेज कब्जे में लेकर जांच पड़ताल की। आरोप है कि पकड़े गए दोनों सिपाही जेल में अशरफ से उसके गुर्गों की मुलाकात बिना पर्ची के कराते थे।

## दो बाइकों की भिड़ंत में महिला की मौत, पुत्र व पति घायल

**खतौली, 13 मार्च (बु.)।** दो बाइकों के बीच हुई भिड़ंत में एक महिला की दर्दनाक मौत हो गयी, जबकि उसका पति व पुत्र घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार थाना मंसूरपुर क्षेत्र के गांव नावला निवासी जीत सिंह अपनी पत्नि कृष्णा व पुत्र सचिन के साथ बाइक द्वारा गांव से कस्बा मवाना से दवाई लेने गए थे। बताया जाता है कि उनकी बाइक जब खतौली कोतवाली क्षेत्र के गांव बसायच क्षेत्र में पहुंची, तो इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही बाइक की सचिन की बाइक के साथ भिड़ंत हो गयी। दोनों वाहनों के बीच हुई टक्कर में बाइक सवार कृष्णा, सचिन व जीत सिंह घायल हो गए, जबकि गंभीर चोटें लगने से लहूलुहान हुई कृष्णा (45 वर्ष) की दर्दनाक मौत हो गयी। दोनों बाइकों के बीच हुई भीषण भिड़ंत को लेकर मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा घायलों को तत्काल अस्पताल



पहुंचाया गया तथा शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु भिजवाया गया।

## अजान पर कर्नाटक के पूर्व डिप्टी सीएम का विवादित बयान, क्या अल्लाह बहरा है जो लाउडस्पीकर पर चिल्लाना पड़ता है

**बेंगलुरु, 13 मार्च (एजेंसी)।** कर्नाटक में विधानसभा चुनाव से पहले लाउडस्पीकर को लेकर कर्नाटक के पूर्व डिप्टी उट और भाजपा नेता के एस ईश्वरप्पा ने विवादित बयान दिया है। मंगलुरु में सोमवार को ईश्वरप्पा ने कहा कि क्या अल्लाह बहरा है, जो उन्हें बुलाने के लिए लाउडस्पीकर पर चिल्लाना पड़ता है। अजान की आवाज से मुझे सिरदर्द होता है। ईश्वरप्पा एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे, तभी पास की मस्जिद से अजान शुरू हो गई। उन्होंने कहा कि मैं जहां भी जाता हूं, यह अजान मुझे सिरदर्द देती है। सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने वाला है, आज नहीं तो कल अजान का अंत हो जाएगा। ईश्वरप्पा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सभी धर्मों का सम्मान करने के लिए कहा है, लेकिन मैं पूछना चाहता हूं कि क्या अजान के दौरान लाउडस्पीकर का इस्तेमाल करने पर ही अल्लाह नमाज सुनेंगे। हिंदू भी मंदिरों में भजन और प्रार्थना करते हैं। हम उनसे ज्यादा धार्मिक हैं और यह भारत माता हैं जो धर्मों की रक्षा करती हैं, लेकिन अगर आप कहेंगे कि अल्लाह केवल तभी सुनता है जब आप माइक का इस्तेमाल करते हैं तो मैं ये जरूर पूछूंगा कि क्या वह बहरा है? ईश्वरप्पा इस तरह के बयान पहले भी दे चुके हैं। इससे पहले उन्होंने 18वीं शताब्दी के मैसूर के शासक टीपू सुल्तान को मुस्लिम गुंडा कहा था। पिछले साल एक कांट्रैक्टर के सुसाइड करने के बाद उन्हें मंत्री पद छोड़ना पड़ा था। कांट्रैक्टर ने अपने आखिरी मैसेज में ईश्वरप्पा को अपनी मौत का जिम्मेदार बताया था।

# आम के पेड़ पर लटका मिला लापता युवक का शव



रामराज में आम के बाग में पेड़ से लटके शव को उतरवाती पुलिस

## मजदूर ने फांसी लगाकर मौत को गले लगाया

**बुढ़ाना, 13 मार्च (बु.)।** एक मजदूर ने खेत मालिक के घर में आकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हाउस भेजकर आत्महत्या के कारणों की तलाश शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र की बायवाला पुलिस चौकी के गांव नगवा निवासी डॉक्टर प्रदीप पुत्र शीषपाल के यहां जनपद लखीमपुर खीरी निवासी 27 वर्षीय ज्ञान प्रकाश सिंह नौकरी करता है। उसको खेत मालिक डॉक्टर प्रदीप ने अपने खेतों में गन्ने की छुलाई के लिए रखा हुआ था। साथ में उसका दोस्त समभारी भी था। वह छुट्टी लेकर अपने घर जिला लखीमपुर खीरी गया हुआ था। आज सुबह वह अपने घर जनपद लखीमपुर खीरी से मजदूरी करने गांव नगवा में डॉक्टर प्रदीप के यहां आ गया था। सोमवार के दिन वो अपने दोस्त समभारी के साथ प्रदीप के खेत में गन्ने की छुलाई करने गया हुआ था। तभी वह अपने दोस्त समभारी को यह कहकर खेत से गांव नगवा की और चला कि वह अभी आ रहा है। तब उसने प्रदीप के घर पर आकर रस्सी गले में डालकर आत्महत्या कर ली। उधर जब घर में मौजूद महिलाओं ने रस्सी से लटकते हुए ज्ञान सिंह के शव को देखा, तो महिलाओं ने शोर मचा दिया। शोर शराबा सुनकर मौके पर सैंकड़ों ग्रामीण जमा हो गए। सूचना पाकर बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार शर्मा और बायवाला पुलिस चौकी प्रभारी सत्येन्द्र नागर भी मौके पर आ गये और खेत मालिक से पूछताछ कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी। मृतक के परिजनों को भी सूचना दे दी गई है। ज्ञान सिंह ने आत्महत्या क्यों की ये पता नहीं लग पाया है।

**रामराज, 13 मार्च (बु.)।** रामराज थाने के निकट एक आम के बाग में दो दिन से लापता चल रहे युवक का शव पेड़ पर लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रामराज थाने के करीब 300 मीटर की दूरी पर गांव जमालपुर के रास्ते पर मेरठ निवासी रामप्रकाश का आम का बाग है, जिसकी देखभाल उनका मुनीम रामराज निवासी लियाकत करता है। सोमवार की लियाकत देखभाल के लिए बाग में घूम रहा था, इसी दौरान उसे एक आम के पेड़ पर एक युवक का फाँसी लगा शव लटका दिखा, तो उसके होश उड़ गए, तो उसने मामले की जानकारी पुलिस को दी सूचना पर मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतारकर शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो पाई। पुलिस ने शव की जेब से बरामद बन्द पड़े मोबाइल का सिम निकालकर अन्य मोबाइल में डालकर नंबर की सीडीआर निकलवाई, जिसके आधार पर पता चला कि मृतक युवक रामराज की वाल्मीकि बस्ती निवासी विनीत जाटव पुत्र रामा है, जोकि पिछले दो दिन से लापता चल रहा था। सूचना पर पहुचे मृतक के पिता रामा ने बताया कि विनीत दो दिन पहले गुड़गांव काम पर जाने की बात कहकर घर से गया था। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

**इन्होंने कहा...**

मामले में अभी कोई तहरीर नहीं आई है। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

**सुनील शर्मा एसओ रामराज**

## अधेड़ का शव पेड़ पर लटका मिला

जानसठ, 13 मार्च (बु.)। लापता अधेड़ का शव पेड़ से लटका मिला। शव को देखकर परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पेड़ से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। कोतवाली जानसठ के गांव बसायच निवासी 55 वर्षीय प्रमोद उर्फ पोदी प्रजापति रविवार से अपने घर से लापता था। परिजनों ने उसे गांव में तलाश भी किया था, लेकिन उसका पता नहीं चल सका था। सोमवार को दोपहर बाद ग्रामीणों ने प्रमोद उर्फ पोदी का शव गांव के बराबर में स्थित बाग में आम के पेड़ पर लटका देखा। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी उसके परिजनों को दी। परिजन मौके पर पहुंचे। शव को देखकर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को पेड़ से नीचे उतारा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस इंस्पेक्टर विश्वजीत सिंह ने बताया कि प्रमोद उर्फ पोदी ने आत्महत्या की है। ग्रामीणों से जानकारी मिली है कि उसने पहले भी आत्महत्या करने की कोशिश की थी।

# मकान निर्माण के दौरान हाईटेंशन लाइन से टकराया सरियों का बीम, दो मजदूरों की मौत

- बलवा गांव में मकान के निर्माण में जुटे थे मजदूर, परिजनों में कोहराम
- पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भिजवाया

**शामली, 13 मार्च (बु.)।** क्षेत्र के गांव बलवा में मकान निर्माण के दौरान सरियों का बंधे जाल के हाईटेंशन लाइन से टकरा जाने के चलते दो मजदूरों की करंट लगने से मौत हो गयी। मजदूरों की मौत से जहां आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गयी। आसपास मौजूद लोग दोनों मजदूरों को आनन-फानन में सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मजदूरों की मौत से परिजनों में भी कोहराम मचा हुआ है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा शवों को कब्जे में लेकर उन्हें पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गांव बलवा निवासी मोनू फौजी अपने मकान का निर्माण करा रहा है, जिसके चलते वहां काफी मजदूर काम कर रहे हैं। सोमवार की सुबह गांव के ही दो मजदूर इकबाल पुत्र सद्दीक व नदीम पुत्र अय्यूब निर्माण कार्य में लगे हुए थे। बताया जाता है कि दोनों मिलकर सरियों का बीम बांध रहे थे। बीम तैयार होने के बाद दोनों उसे ऊपर पहुंचाने के लिए खड़ा करने का प्रयास कर रहे थे, इसी दौरान बीम मकान के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन से जा टकराया, जिससे बीम में जबरदस्त करंट दौड़ गया और इकबाल व नदीम को तेज करंट का झटका लगा, जिससे दोनों मौके पर ही अचेत हो गए। हादसा देखकर आसपास मौजूद अन्य लोग तुरंत मौके पर पहुंचे तथा दोनों मजदूरों को आनन-फानन में शामली सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों



ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले की जानकारी दोनों मृतकों के परिजनों को दी, जिससे उनमें भी कोहराम मच गया और परिजन व अन्य ग्रामीण तुरंत सीएचसी पहुंचे। बाद में पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।


## कार्यालय जिलाधिकारी/डिस्ट्रिक्ट एग्जीबिशन कमेटी, मुजफ्फरनगर

संख्या : 781/प्रदर्शनी सहायक–नाजिर सदर/2023, दिनांक : 13–मार्च–2023

### अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नुमायश ग्राउण्ड में प्रत्येक मंगलवार को लगने वाले मंगल पैंठ बाजार का ठेका (प्रदर्शनी अथवा अन्य आयोजन की अवधि छोड़ते हुए) वित्तीय वर्ष 2023–24 (01 अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2024 तक) के लिए निर्धारित शर्तों (नीलामी बोली मंगल पैंठ बाजार ठेका शर्तनामा प्रदर्शनी कार्यालय में इच्छुक व्यक्तियों द्वारा पढ़ा जा सकता है) के अधीन नीलामी बोली प्रक्रिया द्वारा गठित समिति के माध्यम से दिनांक 20–03–2023 को अपराह्न 3:00 बजे कलेक्ट्रेट स्थित लोकवाणी सभाकक्ष में बोली प्रक्रिया द्वारा छोड़ा जाना है। बोली में भाग लेने वाले बोलीदाताओं द्वारा निर्धारित शर्तों के अनुसार राजस्व विभाग के सक्षम अधिकारी/जिलाधिकारी द्वारा जारी किए गए अंकन 50.00 लाख (रुपये पचास लाख मात्र) का हैसियत प्रमाण पत्र, आधार कार्ड व चरित्र प्रमाण पत्र (शासनादेशानुसार हैसियत प्रमाण पत्र निर्धारित दो वर्ष की अवधि तथा चरित्र प्रमाण निर्धारित तीन वर्ष की अवधि से पूर्व का न हो) तथा पैन कार्ड, आधार कार्ड, जी.एस.टी. पंजीकरण प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। बोलीदाता को जमानत के रूप में अंकन 5.00 लाख (रुपये पाँच लाख मात्र) का बैंक ड्राफ्ट अध्यक्ष, डिस्ट्रिक्ट एग्जीबिशन कमेटी, मुजफ्फरनगर के पक्ष में पेयबल एट मुजफ्फरनगर (केवल बैंक ड्राफ्ट मान्य होगा) समिति के समक्ष प्रस्तुत करना होगा। उपरोक्तानुसार अपेक्षित अभिलेख मय बैंक ड्राफ्ट नियत तिथि/समय दिनांक 20–3–2023 को अपराह्न 2:30 बजे तक पूर्ण रूप से जमा न किये जाने वाले व्यक्ति को बोली बोलने का अधिकार नहीं होगा। निर्धारित समयावधि के उपरान्त कोई अभिलेख विचारणीय नहीं होगा। टैण्डर फार्म नजारत कलक्ट्रेट कार्यालय से दिनांक 19–03–2023 के अपरान्ह 12:00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किये जा सकते हैं तथा अन्य किसी जानकारी की आवश्यकता हो तो वह नाजिर सदर से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।


**प्रभारी अधिकारी**
डिस्ट्रिक्ट एग्जीबिशन कमेटी, मुजफ्फरनगर

# जेल के कैदी कंप्यूटर में होंगे दक्ष, बनेंगे आत्मनिर्भर

- ❑ विधायक निधि से जिला कारागार को मिले 5 कम्प्यूटर-प्रिंटर, बंदियों और कैदियों को मिलेगा बड़ा लाभ
- ❑ नवनिर्मित कम्प्यूटर प्रशिक्षण कक्ष का मंत्री कपिल देव ने किया उद्घाटन, लाइब्रेरी का भी किया निरीक्षण



फोटो बुलेटिन
कारागार में कम्प्यूटर कक्ष का उद्घाटन करते मंत्री कपिल देव, साथ हैं जेल अधीक्षक सीताराम व अन्य।





फोटो बुलेटिन
जेल में लाइब्रेरी का निरीक्षण के दौरान पुस्तक निहारते तथा सिलाई केंद्र में बंदियों से मुलाकात करते मंत्री कपिल देव।

**मुजफ्फरनगर, 13 मार्च (बु.)।** यूपी के व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कारागार में सजायाफ्ता कैदियों के साथ ही विचाराधीन बंदियों को भविष्य में प्रशिक्षित कर आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से मुजफ्फरनगर जेल में विधायक निधि से 5 कम्प्यूटर-प्रिंटर के साथ निर्मित प्रशिक्षण कक्ष का विधिवत उद्घाटन किया।

सोमवार को सदर विधानसभा सीट से विधायक व प्रदेश सरकार में स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने जिला कारागार में सजायाफ्ता कैदियों के साथ ही विचाराधीन बंदियों को भविष्य में प्रशिक्षित कर आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से अपनी विधायक निधि से 5 कम्प्यूटर-प्रिंटर के साथ निर्मित प्रशिक्षण कक्ष का उद्घाटन कर नई सोच को आगे बढ़ाया। अपनी विधानसभा क्षेत्र विकास निधि से कारागार में 5 कम्प्यूटर व प्रिंटर मुहैया कराकर प्रशिक्षक भी नियुक्त कर दिया है। सोमवार को कम्प्यूटर कक्ष के शुभारंभ के मौके पर राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि कारागार में अब खुरपी-कुदाल की बात पुरानी हो गई। उन्होंने कहा कि जब जेल में सजायाफ्ता कैदियों व बंदियों को कुदाल व फावड़ा पकड़ाकर खेती और किसानी के कामों में लगा दिया जाता था, या फिर पत्थरों को तोड़ने में उनकी जिंदगी गुजर जाती थी। अब यहां पर बंद कैदी एवं बंदी हाइटेक शिक्षा से जुड़ सकेंगे। उन्हें बाकायदा कम्प्यूटर का प्रशिक्षण योग्य प्रशिक्षक द्वारा मिल सकेंगा। इस बाबत कम्प्यूटर लैब की व्यवस्था जिला कारागार में अब कर दी गई है। उन्होंने कहा कि जिला कारागार में अब निरुद्ध बंदी कम्प्यूटर के की-बोर्ड पर अंगुलियां चलाकर प्रगति पथ पर आगे बढ़ेंगे। इस दौरान भाजपा ज़िला उपाध्यक्ष संजय गर्ग, शरद शर्मा, ब्रह्मप्रकाश शर्मा, निर्वतमान वार्ड सभासद प्रेमी छाबड़ा, विजय वर्मा, पदम तोमर आदि मौजूद रहे।

## गांव मुंडभर में नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन

### 85 मरीजों का परीक्षण, 25 ऑपरेशन के लिए चिन्हित

**मुजफ्फरनगर, 13 मार्च (बु.)।** संकल्प वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से नेहरू नेत्र चिकित्सालय के सहयोग से गांव मुंडभर में स्थित शिव मंदिर परिसर में नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया।

गांव मुंडभर में आयोजित हुए इस चिकित्सा शिविर में गांव के लगभग 85 मरीजों ने अपनी आंखों की जांच कराई जिसमें जांच के उपरांत कमजोर नजर वाले लोगों को संकल्प वेलफेयर ट्रस्ट की और से निःशुल्क चश्मे वितरित किए गए तथा मोतियाबिंद से ग्रसित 25 मरीजों को चिन्हित करते हुए 5 मरीजों का आज के शिविर में निःशुल्क ऑपरेशन किया गया। ट्रस्ट के सचिव संजय गौतम ने आंखों को शरीर का अति महत्वपूर्ण अंग बताते हुए कहा कि सभी लोगों को आंखों का विशेष ध्यान रखना चाहिए तथा समय-समय पर विशेषज्ञ डॉक्टर से जांच कराते रहना चाहिए क्योंकि "आंख है तो जहान है" आज के शिविर के आयोजक सतेन्द्र सैनी, संजय गौतम, सहदेव आर्य ने बताया की यह शिविर मोतियाबिंद मुक्त भारत अभियान के तहत लगाया गया है, क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी नेत्र चिकित्सा एवं जागरूकता का अभाव है। ट्रस्ट के अध्यक्ष सत्येंद्र सैनी ने भविष्य में ग्रामीण अंचल में भी इस तरह के स्वास्थ्य शिविर योजना की प्रतिबद्धता से अवगत कराया। शिविर में उपस्थित ग्रामवासियों ने संकल्प वेलफेयर ट्रस्ट की पूरी टीम एवं नेहरू नेत्र चिकित्सालय की चिकित्सक टीम का हृदय से आभार व्यक्त किया।

## रामकुमार शर्मा को पगड़ी पहनाने पर समाज में विवाद



फोटो बुलेटिन
राजकुमार शर्मा को पगड़ी पहनाते ब्राह्मण समाज के लोग।

**मुजफ्फरनगर, 13 मार्च (बु.)।** बालियान खाप के ब्राह्मण समाज चौरासी की पगड़ी रामकुमार शर्मा को बांधने के बाद इसे लेकर विवाद शुरू हो गया है। विरोधी पक्ष ने इस पर नाराजगी जाहिर करते हुए 18 मार्च को सिसौली में पंचायत बुलाई है। कार्यवाहक चौधरी बनाए गए वीरेंद्र शर्मा और सुशील शर्मा ने कहा कि समाज के लोग 18 मार्च को सिसौली में पंचायत कर फैसला करेंगे।

कस्बे की पट्टी लेपरान में ब्राह्मण समाज की पंचायत सोमवार को हुई। क्षेत्र के भौरा खुर्द, भौराकलां, मुंडभर समेत अन्य गांव के ब्राह्मण समाज के गणमान्य लोगों ने भाग लिया। पंचायत ने कहा कि समाज के चौधरी घनश्याम दास शर्मा पिछले चार दशक से अंबाला में रह रहे हैं, वह क्षेत्र में सक्रिय नहीं है। इसी वजह से पट्टी लेपरान निवासी रामकुमार शर्मा को ब्राह्मण समाज चौरासी का चौधरी घोषित किया जाता है। इसकी अध्यक्षता कलीराम शर्मा और संचालन मनोज शर्मा ने किया। दावा किया गया कि अंबाला में रह रहे ब्राह्मण समाज के चौरासी गांव के सिसौली निवासी चौधरी ने कार्यवाहक चौधरी की जिम्मेदारी पंडित रामनाथ शर्मा को सौंपी थी। पिछले दिनों पंडित रामनाथ शर्मा का निधन हो गया। इसके बाद घनश्याम दास शर्मा ने कस्बा निवासी वीरेंद्र शर्मा और सुशील शर्मा को कार्यवाहक चौधरी बनाया गया था। मामले में उस समय विवाद शुरू हो गया जब बालियान खाप के गांवों के लोगों ने पट्टी लेपरान निवासी रामकुमार शर्मा को चौधरी घोषित कर दिया है।

इस दौरान मुख्य रूप से राजपाल शर्मा, सचिन शर्मा, घनश्याम सिंह, राकेश शर्मा, मनोज शर्मा, शिवकुमार शर्मा, प्रदीप शर्मा, अनिता शर्मा, सुलेख चन्द, ऋषिपाल शर्मा, किशन लाल शर्मा, मुकेश शर्मा, राजपाल शर्मा, अनुज शर्मा, सोमदत्त शर्मा, तेजवीर शर्मा सहित सैंकड़ों लोग मौजूद रहे।

## काल रूपी सर्प के मुख में है जीव, सत्कर्म ही निकलने का सद्मार्ग: आचार्य धर्मेन्द्र

### श्रीमद् भागवत कथा के पहले दिन भारी संख्या में भक्तों ने उठाया धर्म लाभ

**मुजफ्फरनगर, 13 मार्च (बु.)।** तुलसी मानस मंदिर सत्संग भवन शामली रोड मुजफ्फरनगर में सोमवार को श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिन बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर श्रीमद् भागवत कथा श्रवण कर भक्तों ने भरपूर धर्म लाभ कमाया। कथा व्यास ने भक्तों को सद्मार्ग का रास्ता सु-ााते हुए हमेशा ही जीवन में पुण्य कर्म करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि सद्कर्म ही हमें स्वर्ग की सीढ़ियां चढ़ाने में सहायक होंगे।

व्यासपीठ से अमृतमयी श्रीमद् भागवत कथा का वर्णन करते हुए कथा व्यास आचार्य धर्मेन्द्र उपाध्याय महाराज ने कहा कि सभी जीव काल रूपी सर्प के मुख में है, मृत्यु से पहले ही हम सभी प्राणियों को सत्कर्म कर-के सुरक्षित होकर बच जाना चाहिए यानी जन्म-मरण के चक्कर से मुक्त हो जाना चाहिए। मृत्यु से बचने के लिए श्री शुकदेवजी ने श्रीमद् भागवत कथा का गायन किया था। सोमवार को नगर के शामली रोड़ स्थित तुलसी मानस मंदिर सत्संग भवन में श्रीमद् भागवत कथा का पूजा अर्चना के साथ में शुभारंभ किया गया। इस दौरान व्यास पीठ में भक्तों पर ज्ञानमयी श्रीमद् भागवत कथा का वर्णन करते हुए कथा व्यास आचार्य धर्मेंद्र उपाध्याय ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण मात्र से मनुष्य के सभी कष्ट दूर हो जाते हैं। श्रीमद् भागवत कथा में किसान चिंतक एवं समाजसेवी कमल मित्तल, सभासद मोहित मलिक, सुशील शर्मा, दिनेश बंसल, आशीष शर्मा, दीपेंद्र मलिक, मुकेश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## आरएसएस की शाखा और संगठन में महिलाओं की एंट्री तय

**नई दिल्ली, 13 मार्च (एजेंसी)।** हरियाणा में पानीपत के समालखा गांव में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (फ्र्र) की तीन दिन की बैठक शुरू हो चुकी है। इस बैठक के दो अहम एजेंडे हैं, पहला फ्र्र में जल्द से जल्द महिलाओं की एंट्री सुनिश्चित करना। दूसरा, ह्यसंघ ही समाजह्ण के मिशन को पूरा करने के लिए प्लान बनाकर उसे अमल में लाना। 2025 में संघ 100 साल का हो रहा है, विश्वस्त सूत्रों के मुताबिक 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले या फिर 2025 के शुरूआती महीने में महिलाओं के लिए अलग संगठन या उनकी फ्र्र में एंट्री का ऐलान किया जा सकता है। संघ में महिलाओं की अलग शाखाएं लगाने का फैसला इस बार की बैठक में लिया जा सकता है। हालांकि कहा जाता है कि राष्ट्रसेविका समिति के नामक एक संगठन है, जो संघ की तर्ज पर काम करता है।

## खो-खो और क्रिकेट प्रतियोगिता में हुए रोमांचक मुकाबले

**मुजफ्फरनगर, 13 मार्च (बु.)।** श्रीराम कॉलेज के खेल प्रांगण में चल रहे वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता-2023 के तीसरे दिन की शुरूआत क्रिकेट मैचों से हुई। आज क्रिकेट के तीन मैच हुए जिसमें पहला मैच बी.काम और बीसीए के बीच हुआ, जिसमें बीकाम ने बीसीए की टीम को हराया। दूसरा मैच एलएलबी और एमबीए की टीम के बीच हुआ जिसमें एलएलबी ने 9 विकेट से जीत हासिल की। पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग तथा बॉयज हॉस्टल के बीच हुआ। बॉयज हॉस्टल ने 9 विकेट से जीत दर्ज की। इसके बाद खो-खो के महिला एवं पुरूष वर्ग के मैच खेले गये।

आज खेल सप्ताह के तीसरे दिन आयोजित हुए क्रिकेट के लीग मैच का पहला मुकाबला बी.काम और बीसीए के बीच हुआ, जिसमें बीसीए की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 65 रन बनाये। जवाब मे बी.काम की टीम ने 10 ओवर्स में 3 विकेट खोकर 67 रन बनाते हुये बीसीए की टीम को हराया। दूसरा मैच एलएलबी और एमबीए के बीच खेला गया, जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए एमबीए की टीम ने निर्धारित 12 ओवरों में 68 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एलएलबी की टीम ने 6 आवरो में 1 विकेट खोकर 69 रन बनाये और जीत दर्ज की। पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग तथा बायल हॉस्टल के के मैच में हॉस्टल की टीम ने जीत दर्ज की।

खेल सप्ताह के तीसरे दिन खो-खो के महिला वर्ग के फाइनल मुकाबलों में शारीरिक शिक्षा विभाग की टीम प्रथम स्थान पर बेसिक साइंस द्वितीय स्थान पर तथा एमबीए की टीम तृतीय स्थान पर रही। वहीं पुरूष वर्ग के खो-खो प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबलों में एमबीए प्रथम स्थान पर शारीरिक शिक्षा विभाग द्वितीय स्थान पर तथा बेसिक साइंस की टीम तृतीय स्थान पर रही। श्रीराम कॉलेज की प्राचार्य डा. प्रेरणा मित्तल ने बोलते हुए कहा कि श्रीराम कॉलेज के विद्यार्थी हमेशा से ही पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर परचम लहराते हुए आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज हमेशा से ही खेलों के प्रति गंभीर रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीराम कॉलेज के निदेशक डॉ. अशोक कुमार, श्रीराम ग्रुप आफ कालिजेज के कोषाध्यक्ष दिवेन्द्र चौधरी, श्रीराम कॉलेज के डीन एकेडमिक्स डा. विनित कुमार शर्मा, शारीरिक विभाग के विभागाध्यक्ष प्रमोद कुमार, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष रवि गौतम, वाणिज्य संकाय के विभागाध्यक्ष डा. सौरभ मित्तल, कम्प्यूटर एप्लीकेशन संकाय की प्रवक्ता नीतू सिंह, डा. अब्दुल अजीज खान, भूपेंद्र, संदीप कुमार, अमरदीप, विश्वदीप, तरूण आदि का योगदान रहा।



फोटो बुलेटिन
खो-खो के एक मैच में जोरआजमाइश करते खिलाड़ी।

अरिहन्त ज्वैलर्स

### सर्राफा बाजार

**मुजफ्फरनगर, 13 मार्च, (बु.)।**
सोना-चांदी के भाव इस प्रकार रहे:-

| | |
|---|---|
| सोना- 57,000 | चांदी-65,000 |
| सिक्का- 750 | गिन्नी- 43,000 |

### मुजफ्फरनगर मंडी

**मुजफ्फरनगर, 13 मार्च, (बु.)।**
मुजफ्फरनगर मंडी में गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहे:- रसकट ढैया-950-1015, चाकू 1160-1305, लड्डू 1200-1255, खुरपापाड़ 1121-1135, शक्कर मसाला 1350-1360, आमद-5,000 मन।

### आपका आज का राशिफल

**मंगलवार, 14 मार्च, 2023**

**मेष-** व्यावसायिक हानि, मानसिक अशांति, प्रतिष्ठा पर आघात, मित्रों से तनाव, पारिवारिक अशांति, योजना अधूरी, विवाद संभव।
**वृषभ-** कठिनाइयों का निराकरण, पराक्रम में वृद्धि, जनकल्याण की ओर भावना जागृत, कुछेक कार्य प्रगति की ओर, विवाद का समापन पक्ष में।
**मिथुन-** उन्नति का मार्ग प्रशस्त, शिक्षा एवं प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता, अभीष्ट सिद्धि सार्थक, किसी योजना का शुभारम्भ, नौकरी में प्रोन्नति।
**कर्क-** साहसिक प्रयास प्रगति पर, मेल-मिलाप में रुचि, स्वयं का निर्णय लाभप्रद, दाम्पत्य जीवन में मधुरता, लाभ का सुयोग, यश में वृद्धि।
**सिंह-** दिनमान आशा के विपरीत, लाभ अवरुद्ध, मानसिक तनाव, व्यावसायिक निराशा, विरोधी प्रभावी, यात्रा असंतोषजनक।
**कन्या-** बुद्धि चातुर्य से कुछेक मसले सुलझने की ओर, परिजनों का सलाह मान्य, पारिवारिक दायित्व की पूर्ति, नवसमाचार, पठन-पाठन में रुचि।
**तुला-** परिस्थितियाँ भाग्य के अनुकूल, आरोग्य सुख की प्राप्ति, कुछेक समस्याएँ सुलझने की ओर, सुख के साधन सुलभ, राजनैतिक संलग्नता।
**वृश्चिक-** घरेलू समस्याओं का समाधान, व्यक्तिगत कार्य क्षमता में वृद्धि, प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता, सुसंदेश की प्राप्ति से खुशी, वाहन से सुख।
**धनु-** सोचे हुए कार्य अधूरे, जीवन साथी के स्वास्थ्य की चिंता, एकाग्रता का अभाव, पारिवारिक मतभेद, लाभ में कमी, लापरवाही हानिकारक।
**मकर-** दिन शुभ, परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, शुभ भावनाओं का उदय, आत्मिक शांति, वैवाहिक अड़चनें समाप्त, अपने स्तर को बनाये रखने के लिए व्यय, यात्रा।
**कुम्भ-** व्यापारिक वातावरण मनोनुकूल, विचाराधीन योजना को मूर्तरूप में परिणित, धनसंचय की ओर प्रवृत्ति, दूसरों के आश्वासनों से राहत, आपसी सम्बन्ध मधुर।
**मीन-** स्वविवेक से लिया गया निर्णय लाभप्रद, कठिनाइयों का निराकरण, अध्यावसाय की ओर रुझान, आशानुकूल घटना घटित, नौकरी में पदोन्नति विषयक मसला हल।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

## साक्षात दर्शन... गांधी कोलौनी में हुई गुरू जी की अमृत वर्षा तो उमड़ने लगे श्रद्धालुगण

# भक्त के घर मीठे तरल पदार्थ का रिसाव

### महिला गरिमा के घर हुआ गुरू जी का गुणगान, भक्तों ने किया गुरू कीर्तन

**मुजफ्फरनगर, 13 मार्च (बु.)।** गांधी कॉलोनी निवासी महिला गरिमा के घर पर अचानक गुरुजी के भक्तों की भीड़ जुटना शुरू हुई और देखते ही देखते वहां गुरुजी के साक्षात दर्शन होने का दावा भी किया गया। जब परिवार के सदस्यों ने गुरुजी को याद किया तो उन्होंने उनके घर अमृत वर्षा कर अपने होने का अहसास कराया जिसमें उनके घर के मुख्य द्वार पर अचानक से मीठे तरल पदार्थ के रिसाव होने लगा।

इसकी कुछ छींटे घर के बाहर मुख्य रास्तों पर भी दिखाई दीं। इसके बाद ये चर्चा पूरे क्षेत्र में फैल गई और गुरु जी में अपनी श्रद्धा रखने वाले लोगों का जमावड़ा उनके आवास पर लगना शुरू हो गया और देखते ही देखते वहां भजन कीर्तन किया जाने लगा। गुरुजी के भक्त हरिकिशन गुलाटी ने बताया कि अलौकिक और दिव्य क्षमता वाले हैं नई दिल्ली के छतरपुर वाले गुरुजी जिनका जन्म 7 जुलाई, 1954 को पंजाब के मलेरकोटला जिले के डूगरी गांव के हुआ था। कहा जाता है कि इन्होंने इस धरती पर मानवता को आशीर्वाद देने और उन्हें जागरूक करने के लिए ही जन्म लिया है। और दिल्ली के छतरपुर से कुछ किलोमीटर अंदर की दूरी पर गुरूजी का आश्रम है, जहां हर रोज हजारों की संख्या में भक्त दर्शन करने पहुंचते हैं। गुरुजी के भक्तों की एक बड़ी संख्या मुजफ्फरनगर में भी हैं, जिनका उनकी कृपा पर अटूट विश्वास है।





फोटो बुलेटिन
गांधी कोलौनी में गुरू जी छतरपुर वालों की कृपा के सहारे अमृत वर्षा होने के कथित चमत्कार का दावा करने वाले लोगों ने आवास पर जुटकर गुरू कीर्तन किया। गुरूजी छतरपुर वालों का फाइल फोटो (दायीं ओर)

## 19 मार्च को मॉल में लगेगा हेल्थ कैंप

**मुजफ्फरनगर, 13 मार्च (बु.)।** समाज सेवी संस्था भारत विकास परिषद "समृद्धि" शाखा द्वारा 19 मार्च दिन रविवार को भोपा रोड़ स्थित ग्रैंड प्लाजा मॉल में एक हेल्थ कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इसमें मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल साकेत नई दिल्ली से विशेषज्ञ चिकित्सकों को बुलाया गया है। नसों के संबंधित बीमारियों के उपचार के लिए वरिष्ठ न्यूरो सर्जन डॉ. कपिल जैन कैंप में अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे, जिनको नसों के संबंधित मरीज, सायटिका, सर्वाइकल, सिर में पुरानी चोट, ट्यूमर, दौरे के मरीज परामर्श ले सकते हैं। दिनों दिन बढ़ती हृदय रोग समस्याओं के समाधान के लिए वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डा. रिपेन गुप्ता कैंप में अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। कैंसर से पीड़ित रोगियों को कैंसर स्पेशलिस्ट वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. मनीष जैन अपनी सलाह देंगे। मोटापा कम करने के लिए बेरियाटिक सर्जन डॉ. शलभ कैंप में अपनी सलाह देंगे जो कि दूरबीन द्वारा चर्बी कम करने की सर्जरी के वरिष्ठ विशेषज्ञ हैं। यह कैंप सभी आम जनमानस के लाभ के लिए पूरी तरह निःशुल्क है। इसके लिए पहले रजिस्ट्रेशन कराना आवश्यक होगा। रजिस्ट्रेशन के लिए मोबाइल नंबर 9456960026 और 8439293004 से संपर्क किया जा सकता है। कैंप सुबह 9:00 बजे से 2:00 बजे तक रहेगा और रजिस्टर्ड किए हुए मरीजों को ही देखा जाएगा।

## कम्प्यूटर हार्डवेयर एंड नेटवर्किंग कार्यशाला में दिया गया प्रशिक्षण

### एसडी डिग्री कॉलेज के साथ एमओयू के तहत आयोजित हुआ कार्यक्रम

**मुजफ्फरनगर, 13 मार्च (बु.)।** एसडी कॉलेज ऑफ मैनेजमेन्ट स्टडीज के सभागार में सनातन धर्म डिग्री कॉलेज के साथ एमओयू के तहत स्टूडेंट एंड फैक्लटी एक्सचेंज प्रोग्राम के अन्तर्गत कम्प्यूटर हार्डवेयर एण्ड नेटवर्किंग विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें सनातन धर्म डिग्री कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने तीन दिवसीय कार्यशाला में उत्सुकतापूर्वक बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

सर्वप्रथम प्राचार्य डा. संदीप मित्तल ने बताया कि वर्तमान समय में टेक्नोलॉजी का जमाना है ऐसे मे हार्डवेयर व नेटवर्किंग की डिमांड आज के समय में बहुत अधिक है। यदि आप 12वीं कक्षा के बाद प्रोफेशनल कोर्स करने के बारे मे सोच रहे है, तब आपके लिये कम्प्यूटर हार्डवेयर एण्ड नेट वर्किंग का बेहतर ऑप्शन हो सकता है। वर्तमान समय में देश में कम्प्यूटर हार्डवेयर एण्ड नेटवर्किंग एक्सपर्ट की जरूरत है। जिससे आपके पास रोजगार के अवसर अधिक होंगे तथा कम्पनियों में शीघ्र चयन होगा। तत्पश्चात बीसीए विभागाध्यक्ष डा. संजीव तायल ने छात्र एवं छात्राओं को बताया कि आज के समय में बहुत सारी बहुराष्ट्रीय कम्पनियों मे हार्डवेयर एण्ड नेटवर्किंग की डिमांड है, ऐसे मे यदि आप इस कोर्स को करते है तो आप किसी भी सूरत मे बेरोजगार नहीं रह सकते। वर्तमान समय में हार्डवेयर एण्ड नेटवर्किंग के बहुत अधिक मात्रा में फेमस कोर्स है। कार्यशाला के कोर्डिनेटर प्रवक्ता राहुल शर्मा ने हार्डवेयर एण्ड नेटवर्किंग को स्पष्ट करते हुए छात्र-छात्राओं को समझाया कि यदि आपको हार्डवेयर एण्ड नेटवर्किंग एक्सपर्ट बनना है तो अपने भविष्य में सफलता हासिल करने के लिये यह डिप्लोमा कर सकते हैं। इसके अलावा सीसीआईई, आईटीआईकोपा और पॉलिटेक्निक आदि कोर्स भी कर सकते हैं, जिनको करने के पश्चात डेटा हार्डवेयर व नेटवर्क एक्सपर्ट, फ्रीलान्सर, नेटवर्क एक्सपर्ट, सिस्टम व डिजाइन इंजीनियर, प्रोजेक्ट इंजीनियर के क्षेत्र में आप अपना कैरियर बना सकते हैं।

कार्यशाला मे प्रतिभाग करने वाले छात्र/छात्रायें मुसकान कश्यप, निहारिका, हिमानी, संध्या, संध्या रानी, तनु, मंयक, गुड्डन, निशान्त, आकांक्षा, विभोर, सूरज, विनित, सागर, ज्योति, वासु, खुशी, वैशाली, गरिमा, खुशी चन्देल, तनु, लक्ष्य, वर्षा, वरूण व विवेक आदि ने अपना योगदान दिया। सभी शिक्षकगणों व स्टॉफ ने उपस्थित रहकर अपना सहयोग दिया।

## भाकियू अ. मेरठ में करेंगी 15 को महापंचायत

**मुजफ्फरनगर, 13 मार्च (बु.)।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक द्वारा 15 मार्च को मेरठ में किसान महापंचायत होगी। राष्ट्रीय प्रवक्ता धर्मेंद्र मलिक ने बताया कि मेरठ, सहारनपुर मंडल के सभी जनपदों से हजारों वाहनों के साथ 20 हजार किसानों का मेरठ की पंचायत में भाग लेने का लक्ष्य दिया गया है। गन्ना मूल्य, आवारा पशुओं को लेकर मेरठ की क्रांतिधरा से संघर्ष का ऐलान किया जाएगा। भाकियू अराजनैतिक द्वारा 15 मार्च को मेरठ में किसान महापंचायत का आयोजन कमिश्नरी चौराहा पर किया जा रहा है। किसान महापंचायत मेरठ में बिजली, गन्ना मूल्य बढ़ाने, गन्ना भुगतान, आवरा पशु, आलू का दाम गिरने एवं स्टोरेज जैसे मुख्य मुद्दे रहेंगे। पंचायत में 20 लंगर का निर्णय लिया गया। भंडारे की व्यवस्था मुजफ्फरनगर, मेरठ, हापुड, बुलंदशहर, बागपत द्वारा होगी। धर्मेंद्र मलिक ने कहा कि मेरठ की किसान महापंचायत किसानों के सम्मान का विषय है। बताया कि इस महापंचायत में भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के चेयरमैन गठवाला खाप के चौधरी बाबा राजेंद्र सिंह मलिक व राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर राजेश सिंह चौहान मुख्य अतिथि रहेंगे।

## नशा मुक्ति के प्रति युवाओं को जागरूक करने पर जोर

### स्वामी कल्याण देव डिग्री कॉलेज में एनएनएस शिविर का हुआ आयोजन

**मुजफ्फरनगर, 13 मार्च (बु.)।** स्वामी कल्याण देव डिग्री कॉलेज बघरा में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा द्वितीय एक दिवसीय शिविर का शुभारम्भ मुख्य अतिथि कॉलेज प्राचार्य डॉ. ब्रज गोपाल शर्मा, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सतेन्द्र कुमार, डॉ. फरहाना राणा, डॉ. रश्मि तायल, डॉ. विनीत, विपिन, डॉ. प्रदीप, रोजी, कु. वंदना, रणधीर कुमार की ओर से माँ सरस्वती व स्वामी कल्याण देव जी महाराज के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित करते हुए किया।

सोमवार को शिविर के प्रथम चरण में रासेयो स्वयंसेवकों द्वारा विचार गोष्ठी का आयोजन किया, जिसकी थीम नशा मुक्ति व नारी शिक्षा थी। इस गोष्ठी में मुख्यतः आयुषी, चारुल व प्राची आदि ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम अधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि नशे की लत युवा पीढ़ी को खोखला कर रही है। ऐसे में एनसीसी और एनएसएस के लिए अपनी गतिविधियों में नशा मुक्ति अभियान को सम्मिलित करना आवश्यक है। इस दौरान प्राचार्य डॉ. ब्रज गोपाल शर्मा ने कहा कि आज युवा वर्ग में देशभक्ति, संस्कार, मेहनत, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ ही लक्ष्य के प्रति समर्पण-अनुशासन विकसित करने का सशक्त माध्यम है और इसका विस्तार प्रदेश की अधिक से अधिक शालाओं और कॉलेजों में किया गया है। उन्होंने एनएसएस के छात्रों द्वारा कोरोना काल में अपनी जान जोखिम में डालकर किए गए सेवा कार्यों की सराहना की। अंत में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सतेन्द्र कुमार ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। शिविर को सफल बनाने में डॉ. फरहाना राना, डॉ. विनीत, सालिना, डॉ. रश्मि तायल, रणधीर कुमार, डॉ. प्रदीप, विपिन कुमार, कु. धीरज, राजपाल सिंह, शेखर शर्मा, बालेंद्र कुमार, नरेन्द्र कुमार, कृष्ण कुमार, प्रमोद, मंतोष आदि का सहयोग रहा।

## असिस्टेंट प्रोफेसर की नौकरी के लिए पीएचडी अनिवार्य नहीं!

**नई दिल्ली, 13 मार्च (एजेंसी)।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के प्रमुख ने हाल ही में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि असिस्टेंट प्रोफेसर की नौकरी के लिए पीएचडी की अनिवार्यता नहीं है। हालांकि, आधिकारिक सूचना अभी तक जारी नहीं की गई है।

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, उस्मानिया विश्वविद्यालय परिसर में एक भवन का उद्घाटन करते हुए, यूजीसी प्रमुख प्रोफेसर एम जगदीश कुमार ने कहा कि वक्र्रह्न ठएळ योग्य उम्मीदवार विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में सहायक प्रोफेसर भर्ती के लिए सीधे आवेदन कर सकते हैं। उनके लिए पीएचडी क्वालिफाई होने की बाध्यता नहीं है। जैसा कि नवीनतम मीडिया रिपोर्ट में यूजीसी प्रमुख के बयान के हवाले दावा किया गया है कि असिस्टेंट प्रोफेसर की नौकरी के लिए उम्मीदवारों को पीएचडी की आवश्यकता नहीं होगी, क्योंकि राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा की अर्हता योग्यता मानदंड के रूप में स्वीकार की जाएगी। एक आधिकारिक सूचना अभी तक जारी नहीं की गई है, लेकिन उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे नवीनतम अपडेट यूजीसी की वेबसाइट या आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल की जांच करते रहें।

## भाकियू महाशक्ति ने घेरा एसएसपी कार्यालय



**मुजफ्फरनगर, 13 मार्च (बु.)।** भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति की इकाई ने सोमवार को एसएसपी कार्यालय पर धरना देते हुए चिकित्सक पर अवैध वसूली किए जाने के आरोप लगा, उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने के साथ ही कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि हॉस्पिटल में गर्भपात करने का कोई कानूनी अधिकार न होने के बावजूद यहां पर कार्यरत कर्मचारी गैरकानूनी तरीके से गलत उपचार के बूते गर्भपात कराते है।

भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति के जिलाध्यक्ष अनुभव त्यागी ने शिकायती पत्र के माध्यम से बताया कि नंगला राई निवासी किसान आकिल की पत्नी 4 माह की गर्भवती थी, जिसका 2 मार्च को महिला के पेट में कुछ परेशानी होने पर चरथावल के हॉस्पिटल में चिकित्सक द्वारा अल्ट्रासाउण्ड करके बताया कि उसकी जान को खतरा है, ऐसे में गर्भपात करना जरूरी है। किसान आकिल डर गया और उन्होंने चिकित्सक को सही निर्णय करने का अनुरोध करते हुए तय धनराशि जमा करा दी। आरोप है कि कुछ दवाई देने के बाद आकिल अपनी पत्नी को लेकर घर आ गया, लेकिन उसका स्वास्थ्य खराब होता गया। 11 मार्च को 9 बजे मरीज का गर्भपात घर पर हो जाने से फिर से तबीयत खराब हो गई, ऐसे में चिकित्सक ने उपचार करने से ही इंकार कर दिया। चिकित्सक सरकारी अस्पताल चरथावल में भी डयूटी करती है और वहां पर भर्ती मरीजों को भ्रमित करके अपने हॉस्पिटल में भर्ती कर गलत इलाज करने के साथ ही मनमानी धनराशि वसूलती है। यूनियन का आरोप है कि पूर्व में सीएमओ ने शिकायत के आधार पर एक टीम गठित कर पूर्व में हॉस्पिटल व अवैध अल्ट्रासाउंड सैंटर को भी सीज करने का आश्वासन दिया था। भाकियू ने इस मामले में दोषी चिकित्सक के अस्पताल को सीज किए जाने के साथ कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की। इस दौरान धरने पर मुख्य रूप से शाकिर मुखिया, निशांत त्यागी समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मुजफ्फरनगर बुलेटिन



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्री उत्तम चन्द्र शर्मा ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
उप सम्पादक - श्रीमती पूजा दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

# बागपत में एसपी बने आईपीएस अर्पित विजय वर्गीय को दी विदाई

**▸ बुलेटिन ऑफिस पर आयोजित समारोह में संपादक अंकुर दुआ ने भेंट किया स्मृति चिन्ह और पौधा ▸ समारोह में एडीएम प्रशासन नरेंद्र बहादुर सिंह और एसपी क्राइम प्रशांत कुमार भी रहे मौजूद**








**मुजफ्फरनगर, 13 मार्च (बु.)।** मुजफ्फरनगर जिले में तीन साल तक एसपी सिटी रहे आईपीएस अर्पित विजयवर्गीय को बागपत के एसपी बनने पर मुजफ्फरनगर बुलेटिन ऑफिस पर आयोजित कार्यक्रम में भावभीनी विदाई दी गई। वक्ताओं ने उनकी कार्यशैली की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रेस परिषद् के सदस्य व बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ ने उन्हें स्मृति चिन्ह और पौधा भेंट किया। आईपीएस विजयवर्गीय ने भी मीडिया कर्मियों की सराहना करते हुए कहा कि जिले की यादों को वो ताउम्र संजोकर रखेंगे।

पुलिस अधीक्षक नगर के पद पर तीन साल का कार्यकाल पूरा करने वाले साल २०१७ बैच के आईपीएस अर्पित विजयवर्गीय का रविवार देर रात शासन ने तबादला कर दिया था। उन्हें आईपीएस के रूप में पहली बार बागपत जिले की बागडोर सौंपी गई है। आईपीएस अर्पित विजयवर्गीय को मुजफ्फरनगर बुलेटिन ऑफिस में बने प्रेस क्लब भवन में बुलेटिन परिवार और पत्रकारों की ओर से विदाई दी गई। समारोह में अपर जिलाधिकारी प्रशासन नरेन्द्र बहादुर सिंह, एसपी क्राइम प्रशान्त कुमार प्रसाद और बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ प्रमुख रूप से मौजूद रहे। सबसे पहले पत्रकारों की तरफ से बुके और फूल-मालाएं पहनाकर अर्पित विजयवर्गीय का स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ ने कहा कि हमारे जिले में आप का कार्य उत्साह वर्धक और व्यवहार कुशलता पूर्वक रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा और आपका काम सबसे ज्यादा कठिन है, क्योंकि रोजमर्रा नई चुनौती सामने आती है। सत्ताधारियों की प्राथमिकताओं को पूरी करने के साथ अपराधियों के खिलाफ कार्यवाही और पीड़ितों को न्याय दिलाना किसी चुनौती से कम नहीं है। आपका कार्यकाल बेहद अच्छा और सराहनीय रहा है। कई मौकों पर आपकी कार्यशैली देखने को मिली है। दबाव में काम न करने की शैली सदा अविस्मरणीय रहेगी। आप भले ही नई तैनाती पर जा रहे हैं, लेकिन बुलेटिन परिवार और जिले के पत्रकारों से आपका जुड़ाव हमेशा बना रहेगा। नई पारी की शुभकामनाएं हम सभी इसी प्रार्थना के साथ देते हैं कि आपका भविष्य उज्ज्वल बना रहे।

आईपीएस अर्पित विजयवर्गीय ने अपने सम्बोधन में कहा कि लंबा समय पोस्टिंग रहने के कारण यहां के लोगों से अटैचमेंट होना स्वाभाविक बात है। बड़ी बात यह है कि बाहर के क्षेत्रों में मुजफ्फरनगर और यहां के लोगों की जो इमेज बनी है, उससे कहीं अलग यह जिला और यहां के लोग हैं। मु-ो यहां पर करीब 28 माह काम करने का अवसर मिला है, इतना लंबा समय तैनाती रहने के बावजूद भी मु-ो यहां समय का पता ही नहीं चला।

उन्होंने कहा कि किसान आंदोलन, पंचायत चुनाव और अन्य कई बड़े आयोजन यहां पर कानून व्यवस्था के लिए चुनौती के रूप में सामने आये, लेकिन हम सभी के सहयोग से इन चुनौतियों को निभाने और कानून व्यवस्था को लगातार मजबूत बनाने में सफल रहे हैं। इसके लिए मैं अपनी टीम के सहयोग का भी आभारी हूं। प्रशासनिक स्तर पर एडीएम प्रशासन का भी भरपूर सहयोग हमें मिला है। साथ मिलकर काम किया और हम एक टीम वर्क के रूप में बेहतर परिणाम दे पाये।

उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल में कांवड यात्रा एक बड़ा चैलेंज बनकर आया था, कावड़ 2 साल बाद शुरू हुई थी तो कई प्रकार की चुनौतियों से निपटना था। मुजफ्फरनगर के पत्रकारों से उनका अच्छा जुड़ाव रहा है, यही वजह थी कि अनेक मौकों पर उन्होंने पुलिस की कामयाबी के साथ कमियों को भी बताने में कोई गुरेज नहीं किया।

अपर जिलाधिकारी प्रशासन नरेन्द्र बहादुर सिंह ने कहा कि जिले के निवर्तमान एसपी सिटी अर्पित विजयवर्गीय के तबादले पर यहां पत्रकारों की ओर से यह सुन्दर आयोजन करने के लिए मैं प्रेस क्लब और बुलेटिन सम्पादक को धन्यवाद देता हूं। उन्होंने एसपी बागपत बनाये जाने पर आईपीएस विजयवर्गीय को भी बधाई दी। उन्होंने कहा कि जिले में कई चुनौतियों को हमने मिलकर फेस किया है, इस दौरान मु-ो कभी भी ज्यादा एक्सरसाइज करने की आवश्यकता ही नहीं पड़ी, हर चुनौती से निपटने के लिए एसपी सिटी अर्पित के पास एक फुल प्रुफ प्लान रहता था। मैं सहयोगी बनकर उनके साथ रहा और हम मिलकर अच्छा कर पाये, इसका सुखद अहसास मु-ो भी है। एसपी क्राइम प्रशांत कुमार ने भी उनकी कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि समाज के साथ पुलिस महकमे में भी उनकी व्यवहारिक और दमदार छवि बनी है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए वरिष्ठ पत्रकार ऋषिराज राही ने अपनी कविताओं के माध्यम से कार्यक्रम में रंग भरने का काम किया। वरिष्ठ पत्रकार राकेश शर्मा ने एसपी सिटी अर्पित विजयवर्गीय से जुड़े कई स्मरण सुनाकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वरिष्ठ पत्रकार विनोद पाराशर ने कहा कि आज के दौर में कानून व्यवस्था बनाये रखने के साथ समाज में छवि बनाना किसी चुनौती से कम नहीं है। वरिष्ठ पत्रकार पंकज बालियान और अमित सैनी ने कहा कि एसपी सिटी ने अपने कार्यकाल में न केवल कानून व्यवस्था को मजबूत बनाया, बल्कि उन्होंने होनेस्ट पुलिसिंग कर एक रास्ता भी दिखाने का काम किया है। युवा पत्रकार दीपक वत्स ने कहा कि अब बागपत जिले के लोग आईपीएस विजयवर्गीय की कार्यशैली से लाभान्वित होंगे। कार्यक्रम में पत्रकार वरूण शर्मा, पंकज बालियान, अमित सैनी, दीपक वत्स, अंकित मित्तल, नवनीत शर्मा, नासिर खान, विशाल जलौत्रा, विकास त्यागी आदि ने आईपीएस अर्पित विजयवर्गीय का माल्यार्पण कर अभिनन्दन किया।

## पुलिस ने मुठभेड़ में बदमाश को मारी गोली

**बुढ़ाना, 13 मार्च (बु.)।** सोमवार की देर रात बुढ़ाना पुलिस ने एक मुठभेड़ में एक बदमाश को गोली मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने बदमाश के पास से लूटे गये लाखों रुपए की कीमत के सामान को भी बरामद किया है। बुढ़ाना कोतवाल बृजेश कुमार शर्मा ने परासौली पुलिस चौकी प्रभारी सेंसरपाल सिंह, दारोगा मांगेराम कर्दम, हैड कांस्टेबल सुनील कुमार, कांस्टेबल निर्वेश कुमार, कांस्टेबल जितेंद्र सिंह और कांस्टेबल राजीव अत्रि की मदद से ग्राम बिराल के जंगल में बदमाशों को घेर लिया। तब बदमाशों ने पुलिस टीम पर गोली चला दी तो पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए बदमाश पर गोली चलाई। जिसमें एक बदमाश गोली से घायल हो गया। पुलिस ने बदमाश के पास से लूटे गए लोहे के 41 पाईप, 1 बुलेरो पिकअप, 1 तमंचा, एक जिंदा व 1 खोखा कारतूस बरामद किया। पकडे गये घायल बदमाश को सीएचसी में भर्ती कराया गया। पूछताछ में बदमाश ने अपने नाम मोहित उर्फ सोनू पुत्र जयप्रकाश निवासी ग्राम ताहिरपुर भभीसा थाना कांधला जिला शामली बताया। पुलिस के अनुसार बदमाश पर पहले भी मुकदमे दर्ज हैं।

## महाकाल पुजारी के 18 वर्षीय बेटे की साइलेंट अटैक से मौत

**उज्जैन।** मध्यप्रदेश के उज्जैन से चौंकाने वाली खबर आई है। महाकालेश्वर मंदिर में पुजारी के 18 वर्षीय बेटे को साइलेंट हार्टअटैक आया और उसकी मौत हो गई। शाम को उज्जैन महाकाल मंदिर के ध्वज चल समारोह में तलवार से प्रदर्शन किया था, और रात को घर पहुंचकर उसे घबराहट हुई थी। जानकारी के अनुसार मयंक पिता मंगेश शर्मा 18 वर्ष निवासी भगतसिंह पार्क के सामने सिंहपुरी कक्षा 11 वीं का छात्र था।

## पुलिस मुठभेड़ में शातिर बदमाश घायल दूसरा साथी भी गिरफ्तार

शाहपुरः स्थानीय पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान शातिर बदमाश को गोली मारकर घायल कर दिया जबकि उसके साथी को भागते हुए गिरफ्तार कर लिया बदमाशों के कब्जे से मेरठ के रोहटा क्षेत्र से लूटा गया ट्रैक्टर ट्राली भी बरामद कर लिया है। शाहपुर थाना प्रभारी बबलू सिंह ने बताया कि रात्रि के समय धनायन रोड पर सोरम पुलिया पर चेकिंग के दौरान पुलिस ने गोयला की ओर से आ रहे ट्रैक्टर ट्रॉली को रुकने का इशारा किया तो ट्रैक्टर में सवार बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी जिसमें पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए फायरिंग की तो गोली लगने से बागपत जनपद के बिनौली थाना क्षेत्र के गांव पुरा निवासी विशाल पुत्र राजकुमार पैर में गोली लगने से घायल हो गया। जबकि उसका साथी हरिद्वार जनपद के ज्वालापुर थाना क्षेत्र के गांव सीतापुर निवासी रवि पुत्र विक्रम जंगल के रास्ते भागने लगा पुलिस ने भागते हुए बदमाश की घेराबंदी कर उसे भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से मेरठ के क्षेत्र से 3 दिन पूर्व लूटा गया ट्रैक्टर ट्राला, 315 बोर का तमंचा, दो जिंदा कारतूस व दो खोखे भी बरामद किए।

**जहर के सेवन से युवक की मौत :** मुजफ्फरनगर। नई मंडी थाना क्षेत्र के मोहल्ला गांधी नगर निवासी 30 वर्षीय वरुण गोयल पुत्र सुभाष गोयल ने विगत 11 मार्च की शाम अपने घर के पास संदिग्ध हालातों में सल्फास का सेवन कर लिया था उसे उपचार के लिए अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों उसकी नाजुक हालत को देखते हुए उसे हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया था बताया गया कि उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई

**हादसे में घायल महिला ने दम तोड़ा :** मुजफ्फरनगर । सिविल लाइन थाना क्षेत्र के मोहल्ला इंदिरा कॉलोनी निवासी आनंद पाल पुत्र विशंभर सिंह ने पुलिस में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया कि 7 मार्च को उसकी पत्नी मुन्नी 52 दर्रा के निकट काली नदी में पूजा करने गई थी वहां से लौटते हुए एक कार ने बाइक में टक्कर मार दी जिससे उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। उपचार के लिए ले जाते समय उसकी पत्नी की मौत हो गई

**नौकरी के नाम पर लाखों की ठगी**

**मुजफ्फरनगर।** सरकारी नौकरी लगवाने का लालच देकर एक चिकित्सक से लाखों रुपए हड़प दिए गए ठगी का शिकार हुए चिकित्सक ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। मोहल्ला रैदास पुरी निवासी अश्वनी कल्याणी ने बताया कि वह स्कूल में शिक्षक है उसे गाजियाबाद निवासी राजीव कुमार ने बताया कि दिल्ली मेट्रो में टोकन डिस्ट्रीब्यूटर व एनआईओएस में शिक्षक की भर्ती के नाम पर उससे लाखों रुपए हड़प लिए गए।

## वाल्मीकि समाज के लोगों ने दबंगों पर लगाया मारपीट का आरोप

**बुढ़ाना, 13 मार्च (बु.)।** एक वाल्मीकि परिवार के घर में घुसकर कुछ दबंगों ने पथराव करने के साथ-साथ घर की महिलाओं से छेड़खानी भी की। इस घटना को अंजाम देने वाले दबंग अभी तक भी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं, जिसको लेकर अभी पीड़ित परिवार ने दबंगों से अपनी जान का खतरा जताया है और कहा है कि यही दबंग उन पर पहले भी हमले की घटनाएं कर चुके हैं। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव उमरपुर में बीती 8 मार्च को बुधवार की शाम गांव के एक वाल्मीकि परिवार पर सतवीर, जयवीर, रामवीर, सुरेंद्र, विकास, सुमित, दीपांशु, हरपाल और रुस्तम ने कुछ दबंगों के साथ झुंड बनाकर उनके घर पर धावा बोलते हुए जमकर पथराव किया था, जिसमें वाल्मीकि परिवार की विधवा महिला एवं उसकी 2 पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गई थी। जिसमे बुढ़ाना पुलिस ने घायलों का मेडिकल कराते हुए आगे की कार्यवाही शुरू कर दी थी। अब पीड़ित परिवार का आरोप है कि अब तक घर पर हमला करने वाले एवं महिलाओं के साथ छेड़खानी करने वालों की पुलिस ने गिरफ्तारी नहीं की है और आरोपियों से उन्हें अब भी जान-माल का खतरा बना हुआ है, क्योंकि आरोपी अब से पूर्व भी पीड़ित परिवार के साथ इसी तरह की घटना को अंजाम दे चुके हैं और अभी भी अंजाम भुगतने की चेतावनी दे रहे हैं। घटना के मामले की एक वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रही है, जिसमें दबंग खुलेआम पथराव एवं मारपीट करते नजर आ रहे हैं।

## कुकर्म में फरार चल रहा आरोपी गिरफ्तार

**रामराज, 13 मार्च (बु.)।** थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कुकर्म के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। रामराज थाना प्रभारी सुनील शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि बीते शनिवार को थानाक्षेत्र के एक गाँव के महंत रामराज थाने में मुकदमा दर्ज कराया था कि गांव का एक मंदबुद्धि व्यक्ति उनके साथ मंदिर में रहता है। होली के दिन उनके बाहर जाने के बाद गाँव के ही एक व्यक्ति ने मंदबुद्धि व्यक्ति के कुकर्म कर लिया था, जिस पर पुलिस तभी से आरोपी की तलाश कर रही थी। सोमवार को मुखबिर ने सूचना पर कुकर्म के मामले में आरोपी को गांव हुसैनपुर में बस अड्डे के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## कार्यालय जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर

संख्या : 777/नाजिर सदर–लेखन सामग्री/2023–24, दिनांक : 13–मार्च–2023

### टैण्डर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कलेक्ट्रेट कार्यालय एवं सम्बद्ध राजकीय कार्यालयों के प्रयोगार्थ लेखन सामग्री वित्तीय वर्ष 2023–2024 (दिनांक 31–3–2024 तक) के लिए लेखन सामग्री क्रय करने हेतु दिनांक 18–03–2023 को अपराह्न 3:00 बजे तक सीलबन्द टैण्डर प्राप्त किये जायेंगे। उक्त नियत तिथि/समय के पश्चात कोई टैण्डर प्राप्त नहीं किया जायेगा। टैण्डरदाता को अंकन 5,000.00 रुपये नकद प्रतिभूति के रूप में जमा करना होगा। टैण्डरदाता को टैण्डर के साथ आवश्यक सामग्री का नमूना संलग्न करना अनिवार्य है।

टैण्डर स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार जिलाधिकारी महोदय को होगा। टैण्डर स्वीकृत होने के उपरान्त टैण्डरदाता को स्वीकृत दरों पर ही दिनांक 31–3–2024 तक लेखन सामग्री की आपूर्ति करनी होगी। लेखन सामग्री की सूची/टैण्डर फार्म नजारत कलक्ट्रेट कार्यालय से दिनांक 18–03–2023 के अपराह्न 12:00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किये जा सकते हैं तथा अन्य किसी जानकारी की आवश्यकता हो, तो वह भी इसी अवधि में नाजिर सदर से प्राप्त की जा सकती है।

**प्रभारी अधिकारी (नजारत)**
कृते जिलाधिकारी, मुजफ्फरनगर

## कार्यालय जिलाधिकारी, मुजफ्फरनगर

संख्या : 779/नाजिर सदर दिनांक : 13–मार्च–2023

### ठेके की सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कलेक्ट्रेट परिसर (निकट वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, कार्यालय) स्थित 15 फिट × 10 फिट दूकान/भूमि को शासकीय कार्यहित में आगामी वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए उक्त दुकान में खादी ग्रामोद्योग वस्तुएं विक्रय के साथ–साथ फोटो स्टेट, स्टेशनरी तथा अन्य प्रोडक्ट, गुड़ से बने विभिन्न उत्पाद व पराग मिल्क पार्लर आदि सामग्री के विक्रय हेतु उक्त दुकान की नीलामी दिनांक 20.03.2023 को समय अपराह्न 02:00 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में निम्नलिखित शर्तो के अधीन की जायेगी :–

1– बोलीदाता को बोली से पूर्व जमानत धनराशि के रूप में 2,000/– (दो हजार रुपये मात्र) की नकद धनराशि प्रतिभूति के रूप में जमा करनी होगी।

2– उक्त दुकान पर केवल ग्रामोद्योग उत्पादित वस्तुएं विक्रय करने की अनुमति दी जायेगी।

3– दुकान/ठेके के लिए केवल 15 फुट × 10 फुट स्थान दिया जायेगा, जिस पर अस्थाई निर्माण/खोका की व्यवस्था ठेकेदार स्वयं अपने खर्च पर करेगा तथा ठेका अवधि समाप्त होने पर स्थान को अपने खर्च पर खाली करेगा।

4– ठेका जिस ठेकेदार के पक्ष में स्वीकृत होगा, उसी के द्वारा उक्त दुकान का संचालन किया जायेगा। ठेकेदार के द्वारा किसी अन्य व्यक्ति को उक्त दुकान किराये पर देकर उप–किरायेदारी (Subletting) नहीं की जायेगी।

5– उच्चतम बोलीदाता को नीलाम धनराशि का 1/4 भाग तत्काल जमा करना होगा तथा शेष 3/4 भाग ठेका/नीलाम स्वीकृत होने पर तीन समान किस्तों में प्रत्येक त्रैमासिक के प्रारम्भ (अधिकतम 03 दिवस) में कार्यालय में चालान द्वारा जमा करना होगा।

6– नीलामी स्वीकृत करने अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर के पास सुरक्षित रहेगा। अत: निर्धारित शर्तो का अनुपालन करने की दशा में ही इच्छुक बोलीदाता नियत तिथि/स्थान/समय पर नीलाम में भाग ले सकते हैं। यदि किसी अन्य जानकारी की आवश्यकता हो तो प्रात: 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक नाजिर सदर कलेक्ट्रेट से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

**प्रभारी अधिकारी (नजारत)**
कृते जिलाधिकारी, मुजफ्फरनगर